सार-समाचार

भारतीय जैन मिलन की नई कार्यकारिणी गठित

अजमेर, (कासं)। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सुरेश जैन ऋतुराज एवं उनकी कार्यकारिणी के द्वारा क्षेत्र संख्या 19 राजस्थान के लिए क्षेत्रीय कार्यकारिणी का गठन किया है। कार्यकारिणी में वीर प्रकाश जैन को क्षेत्रीय अध्यक्ष, वीर मदनलाल बाफना कार्यकारी अध्यक्ष, वीर नीरज जैन अलवर उपाध्यक्ष, वीर पीसी गंगवाल उपाध्यक्ष एवं वीर विजय पोखरण को मंत्री मनोनीत किया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि शीघ्र ही केंद्रीय कार्यक्रमों के अनुरूप नई कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

अंतराष्ट्रीय यज्ञ दिवस मनाया

शाहपुरा। सरोवर यज्ञशाला रावला घाट मे विश्व यज्ञ दिवस को राष्ट्रीय समृद्धि एवं जन कल्याण दिवस के रूप मे मनाया। ब्रह्मयज्ञ के अन्तर्गत संध्या के मंत्र व स्वस्तीवाचन के मंत्रो का पाठ विश्व मे सुख, शान्ति व समृद्धि की कामना की गई. पर्यावरण शुद्धि के लिए शुद्ध घृत, ओषधीयुक्त सामठी व पंचमेवा युक्त हवन सामठी से विशेष मंत्रो द्वारा आहुतियाँ लगाई गई. आर्य समाज के पूर्व प्रधान कन्हैया लाल आर्य ने दैनिक यज्ञ करने के बारे मे बताया। पूर्व मंत्री सत्य नारायण तोलम्बिया ने यज्ञ के महत्व पर बताया की हमारी वैदिक संस्कृति के अनुसार यज्ञ (हवन)संसार का सर्वश्रेष्ठ कर्म है।

शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 123 वे दिन भी अनवरत जारी

शाहपुरा। जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर अरनिया घोडा के ग्रामीण पूर्व सरपंच राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध मे प्रदर्शन किया और शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग का ज्ञापन राज्यपाल के नाम संघर्ष समिति ने उपखंड अधिकारी को दिया।

जिला बचाओ संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि अरनिया घोडा के ग्रामीण राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में नवरत्न चौधरी देवराज जांगिड नाथू दास वैष्णव मयंक चौधरी रामेश्वर गाडरी कमलेश खाती रजत जैन महावीर तेली नारायण तेली कमलेश गाडरी रतन बेरवा सलीम खान रामेश्वर बागरिया भेरूलाल भील मांगीलाल बावरी राजूलाल रेगर महिला सदस्यों में रसली देवी सोनिया देवी लाली देवी सहित कई ग्रामीण क्रमिक अनशन धरने पर बैठे जिनका संघर्ष समिति की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया गया। धरने को जिला बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक रामप्रसाद जाट महासचिव कमलेश मुंडेतिया अरनिया घोडा के पूर्व सरपंच राजेंद्र चौधरी गोपाल पंचोली रसालीदेवी बागरिया ठामीण कैलाश मांगीलाल भील रामेश्वर गाडरी ने संबोधित करते हुए सरकार से शाहपुरा जिले की बहाली की मांग की तथा ठामीणों ने आगामी दिनों में उठा आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस मौके पर किसान केसरी संघ जिला अध्यक्ष सूर्यप्रकाश ओझा संघर्ष समिति सदस्य राजेंद्र बोहरा उदयलाल बेरवा शहाबुद्दीन पठान ,धनराज जीनगर दुर्गा लाल जोशी मदनलाल कंडारा रामप्रसाद सेन सुगन लाल बोहरा सुरेशचंद्रघूसर छोटू लाल गुर्जर भिभाषाक संस्था उपाध्यक्ष गजेंद्रप्रताप सिंह राणावत अधिवक्ता त्रिलोक चंद नौलखा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर अरनिया घोडा के ग्रामीण बैठे।

- शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग का ज्ञापन राज्यपाल के नाम संघर्ष समिति ने उपखंड अधिकारी को दिया

सभापतियों की नियुक्ति

भीलवाड़ा। राजस्थान विधानसभा में नवीन समितियों हेतु सदस्य एवं सभापतियों की नियुक्ति की गई। इसी क्रम में भीलवाडा विधायक अशोक कोठारी को गृह तथा स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति में सदस्य नियुक्त किया है। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, राजस्थान विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा गठित राजस्थान विधानसभा की गृह तथा स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति में विधायक कोठारी को सदस्य के पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से भीलवाड़ा विधानसभा के कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है। आपको बता दे कि, विधायक कोठारी पूर्व में विधानसभा में आश्वासन एवं पर्यावरण समिति के सदस्य रह चुके है।

कलश एवं शोभायात्रा निकाली

भीलवाड़ा। जिले के फुलियाकला क्षेत्र के डडवाडिया रेगर समाज कुल देवी माता मंदिर पूर्णाहुति को लेकर कस्बे मे आज समाज की महिलाओं ने भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली। कस्बे के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरने पर ठामीणों ने पुष्पवर्षा कर कलशयात्रा का स्वागत किया गया। डडवाडिया रेगर समाज कुल देवी माता विकास समिति अध्यक्ष पूरणमल डडवाडिया ने बताया कि तेजाजी तालाब पाल स्थित मंदिर पूर्णाहुति कार्यक्रम को लेकर कस्बे मे दो दिवसीय (3 एवं 4 मई) धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। इसके तहत आज रेगर समाज की महिलाओं ने गाजेबाजे के साथ कलश एवं शौभायात्रा निकाली।

कलशयात्रा तेजाजी थानक से शुरू होकर माली मौहल्ला , धानेश्वर रोड , रामद्वारा चौराहा , सदर बाजार , श्रीराम चौक , रेगर मौहल्ला होती हुई आयोजन स्थल कुल देवी मंदिर पंहुची । कलशयात्रा का ठामीणों ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया है। इस दौरान समाज की 301 महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी वहीं भजनों पर नाचने गाते समाजजन चल रहे थे। आयोजन समिति के संचालक बीरमलाल डडवाडिया ने बताया कि आज कलशयात्रा के तत्पश्चात देव पूजन एवं यज्ञ का आयोजन किया जाएगा तथा रात्रि मे सत्संग का कार्यक्रम होगा। समिति के संरक्षक रामचंद्र डडवाडिया ने बताया कि कार्यक्रम के तहत कल 4 मई को अभिजीत मुहूर्त मे दोपहर सवा 12 बजे मंत्रोच्चार के साथ डडवाडिया रेगर समाज कुल देवी माता मंदिर शिखर पर कलश स्थापना होगी । कलश एवं शौभायात्रा के धार्मिक आयोजन मे फूलियाकलां सहित क्षेत्र से आए सैकडो की संख्या मे रेगर समाज के महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

जिला उपभोक्ता विवाद आयोग अरुण कुमावत अध्यक्ष नियुक्त

अजमेर, (कासं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अजमेर में रिक्त हुए अध्यक्ष पद पर ब्यावर निवासी अरूण कुमावत नियुक्त हुए है। उनके पद भार ग्रहण करने से अब आयोग में न्यायिक कार्य सुचारू होगा। अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण के मौके पर राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष माननीय न्यायाधिपति देवेंद्र कच्छावा, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के गैर न्यायिक सदस्य लियाकत अली, जिला आयोग सदस्य जयश्री शर्मा वरिष्ठ उपभोक्ता अधिवक्ता एवं आयोग स्टॉप ने शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष अरूण कुमावत ने उपभोक्ताओं को सहज, सुलभ और समयबद्ध न्याय प्रदान करना ही उनका लक्ष्य बताया है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में न्याय व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने आयोग की प्रक्रियाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए बताया कि इससे न्याय प्रणाली में विश्वास बढ़ेगा और ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को भी समान रूप से लाभ मिलेगा। इस मौके पर जिला उपभोक्ता आयोग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी मनीष कुमार जैन, अतिरिक्त लेखा अधिकारी रमेश भगवानी, निजी सहायक विकास कोलीवाल, जबर सिंह, राजेश कुमार बैरवा, हितेश शर्मा, भगवान सिंह एवं डालचंद सैन ने राजस्थानी परम्परा के अनुसार अभिनंदन किया।

दादाबाड़ी के जीर्णोद्धार का मुहूर्त आज

अजमेर, (कासं)। 870 वर्ष पुरानी खरतरगच्छाचार्य श्री जिनदत्तसूरि दादाबाड़ी के जीर्णोद्धार का संकल्प-जीर्णोद्धार मुर्हूत 04 मई को दादाबाड़ी में प्रारम्भ होगा। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के प्रवक्ता रिखब सुराना ने बताया कि जीर्णोद्धार का संकल्प मुहूर्त खरतरगच्छ आचार्य संयम शारर्थी श्री जिनपीयूष सागर सूरिश्वर महाराज ठाणा-14 और शासन ज्योति संगठन प्रेरिका शतावधानी मनोहर श्रीजी महाराज ठाणा-6 के साथ ही प्रज्ञानिधि प्रियंकरा श्रीजी व अभ्युदया श्रीजी महारासा के सानिध्य में रविवार 04 मई को प्रातः 09.16 बजे दादाबाड़ी में ही आयोजित होगा जिसमें सम्पूर्ण भारत से दादा के अनुयायी भाग लेंगे। संघ मंत्री अनिल कुमार गोलेच्छा ने बताया कि महामंगलमय अनुष्ठान का प्रारम्भ 04 मई को प्रातः 08 बजे श्री शक्रस्तव अभिषेक सह पाटला पूजन, क्षेत्रपाल पूजन से प्रारम्भ होगा। 09.16 बजे जीर्णोद्धार संकल्प - मुहूर्त और 12.27 बजे से स्वधर्मी वात्सल्य का आयोजन होगा जिसमें सकल श्वेताम्बर समाज उपस्थित होगा। संघ अध्यक्ष विक्रमसिंह पारख ने बताया कि श्री जिनदत्त समाधि स्थल जीर्णोद्धार समिति में राजस्थान के पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री प्रताप सिंघ सिंघवी को संरक्षक और जयपुर निवासी समाजसेवी भीमराज बोहरा को संयोजक, विक्रमसिंह पारख व प्रो. महेन्द्र लूणिया को सह संयोजक नियुक्त किया गया है।

7 दिवसीय विशेष जागरूकता शिविर आयोजित

अजमेर, (कासं)। विश्व मजदूर दिवस 2025 के उपलक्ष्य में 7 दिवसीय विशेष जागरूकता एवं पंजीयन कार्यक्रम के दौरान 3 मई 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजमेर द्वारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार, श्रमिकों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए एक विशेष निःशुल्क शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजमेर, श्रम विभाग अजमेर और सेन्टर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च, अजमेर के सयुक्त तत्वाधान में किया गया।

यह शिविर श्रमिक चौखटी, शास्त्री नगर, अजमेर में प्रातः 7:30 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित क्षेत्र के कुल 128 मजदूरों ने भाग लेकर ई-श्रम कार्ड और आभा कार्ड का लाभ प्राप्त किया। शिविर का आयोजन संयुक्त रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रम विभाग अजमेर एवं सहाय एकल खिड़की - सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च, अजमेर के सहयोग से किया गया। शिविर में कृष्ण मुरारी जिंदल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर ने स्वयं उपस्थित होकर श्रमिकों से संवाद किया और उन्हें ई-श्रम कार्ड एवं आभा हेल्थ आईडी कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर आरती वर्मा, श्रम निरीक्षक, श्रम विभाग अजमेर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा श्रमिकों को ई-श्रम कार्ड, लेबर कार्ड तथा संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

'एक मां के लिए बच्चा खोने का दुख मां ही समझ सकती है'

अजमेर, (कासं)। आदर्श नगर थाना क्षेत्र में गत दिनों आठ माह के मासूम बालक के अपहरण मामले को महज 24 घंटे में सुलझाकर बालक को मां के पास सकुशल पहुंचने वाली पुलिस टीम को शनिवार को अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल ने माला व शॉल ओढ़ा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक अनीता भदेल ने पुलिस अधिकारियों एवं कांस्टेबल के कार्य की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि पुलिस की त्वरित व संवेदनशील कार्रवाई से बच्चा मां सुपुर्द किया गया। विधायक भदेल ने सभी पुलिसकर्मियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया, उन्होंने कहा कि एक मां के लिए उसके बच्चे का खो जाना सबसे बड़ा दुख होता है और जब वह बच्चा वापस मिलता है, तो उसकी खुशी शब्दों में नहीं बताई जा सकती। भदेल ने कहा कि अजमेर पुलिस ने मानवीय संवेदनाएं दिखाते हुए जिस तेजी से मामले पर कार्रवाई की, वह वाकई प्रशंसनीय है। इस मौके पर एडिशनल एसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। हिमांशु जांगिड़ ने बताया कि दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के चारों थानों की संयुक्त पुलिस टीम ने मिलकर इस मामले को सुलझाया। टीम ने सुराग के आधार पर 24 घंटे के भीतर बच्चे को सकुशल बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया। भदेल ने आशंका व्यक्त की कि यह मामला मानव तस्करी से जुड़ा हो सकता है, क्योंकि बदमाशों ने झुग्गी झोपड़ी में सो रहे बच्चे को चुराने का प्रयास किया था। इस दौरान विधायक ने डिग्गी बाजार स्थित होटल नाज में हुए हालिया अग्निकांड के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिटी हिमांशु जांगिड से जानकारी प्राप्त की तथा अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

- अजमेर पुलिस टीम का विधायक ने किया सम्मान

नीट यूजी परीक्षा आज

अजमेर, (कासं)। नीट यूजी परीक्षा-2025 देशभर में रविवार को आयोजित होगी। अजमेर जिले में बने 29 परीक्षा केंद्रों पर 9 हजार 218 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर लोक बंधु ने जिले के सभी केंद्राधीक्षकों को परीक्षा संचालन से जुड़े सभी दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं। परीक्षा अजमेर जिले में 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें से 21 केंद्र अजमेर शहर में और 8 केंद्र किशनगढ़ हैं। जिले में 9,218 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे, जिनमें 6192 परीक्षार्थी अजमेर के केंद्रों पर और 3026 परीक्षार्थी किशनगढ़ के केंद्रों पर परीक्षा देंगे। नीट यूजी परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक प्रथम पारी में ही होगी। सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। साथ ही परीक्षार्थियों की वीडियोग्राफी होगी, परीक्षा सामग्री की सुरक्षा, गोपनीयता बनाए रखने और परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग जैसे अहम बिंदुओं पर विशेष ध्यान जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन के लिए अजमेर में 4 और किशनगढ़ में 1 ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा सिटी कोऑर्डिनेटर भी नियुक्त किए गए हैं। अजमेर के लिए केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 के प्रिंसिपल आरके मीणा और किशनगढ़ के लिए केंद्रीय विद्यालय बान्दरसिंदरी के प्रिंसिपल विनोद कुमार चौधरी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

- अजमेर और किशनगढ़ में 29 परीक्षा केंद्र
- 9 हजार 218 परीक्षार्थी होंगे शामिल
- सीसीटीवी और वीडियोग्राफी से होगी निगरानी

डॉक्टर दुष्यंत शर्मा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित

भीलवाड़ा। इंडियन मेडिकल ऐसोसिएशन (निस) भीलवाडा ब्रांच के 2025 - 27 सत्र के लिए कोंसिल चुनाव निर्विरोध रूप से चुनाव अधिकारी बी.एम भारद्वाज एवं डॉक्टर अशोक खटवानी के तत्वाधान में हुए, जिसमे अध्यक्ष पद पर डॉक्टर दुष्यंत शर्मा उपाध्यक्ष पद पर डॉक्टर मनीष चौधरी, डॉक्टर विट्ठल भारद्वाज एवं महासचिव पद पर डॉक्टर कुलदीप नाथावत एवम कोषाध्यक्ष पद पर डॉक्टर सुनिल कुमार मित्तल निर्विरोध रूप से निंवाचित हुए।

मनोनित सदस्य के रूप में डॉक्टर नरेश कुमार पोरवाल उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत आगाल एवं डॉक्टर जयराज वैष्णव सहसचिव पद पर मनोनित किये गये। एंव कार्यकारणी सदस्यों के करने के नाम कार्यभार ठाहण करने के बाद जारी किये जायेगे। इस संदर्भ में अध्यक्ष डॉक्टर दुष्यंत शर्मा ने कहा आईएमए सामाजिक एवं रचनात्मक कार्य के साथ डॉक्टरो के हितो के लिए रक्षा करेगी किसी भी चिकित्सक के साथ गलत नही होने देगी एवं कोई भी चिकित्सक गलत कृत्य करता पाया जाता है तो उसका साथ भी नही देगी। मरीज एंव जनता के बीच में आइएमए एक सेतु का कार्य करेगी। एंव सरकारी योजना का लाभ जनता को सही रूप मिले इसका पुरा प्रयास करेगी।

इंडियन मेडिकल ऐसोसिएशन (निस) भीलवाडा ब्रांच के 2025 - 27 सत्र के लिए कोंसिल चुनाव निर्विरोध रूप से चुनाव हुए।

संख्यांक 3- स्वयं उपसंजात होने के लिए समन
(आदेश 5 का नियम 3)
श्रीमान न्यायाधीश महोदय, न्यायालय पारिवारिक न्यायालय सं. 01, अलवर, राजस्थान
प्रार्थना पत्र- 686 सन् -2024
1- उद्धव अरोडा पुत्र श्री राजेश अरोडा, उम्र करीब 32 साल, निवासी 1/404, रंगोली गार्डन, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान हाल निवासी ए-602, रोहन मिथिला विमान नगर, पूणे महाराष्ट्र 411014 मो. नं. 8447195794, ई.मेल.आई.डी.-uddhavarora@gmail.com-याची
बनाम
1. आकाक्षा आर्य पत्नि श्री उद्धव अरोडा पुत्री श्री लालीशाह महेश, उम्र करीब 32 साल, निवासी मकान नम्बर 4172, गॉधी चौक के पास, नसीराबाद अजमेर, राजस्थान हाल निवासी 1908, सीवी-8, सुपरटेक कैपटाउन, सैक्टर 74, नोएडा, उत्तर प्रदेश । मो. नं. 8562827278 ई.मेल. आई.डी. akankshaaryall@gmail.com ---अयाची
याचिका अन्तर्गत धारा 13 (1) (ए)
(1 बी) हिन्दू विवाह अधिनियम 1955
प्रेषिती- आकांक्षा आर्य पत्नि श्री उद्धव अरोडा पुत्री श्री लालीशाह महेश, उम्र करीब 32 साल, निवासी मकान नम्बर 4172 गॉधी चौक के पास नसीराबाद अजमेर राजस्थान। मो. नं. 8562827278
ई.मेल. आई.डी. akankshaaryall@gmail.com
प्रार्थी ने आपके विरूद्ध एक याचिका अन्तर्गत धारा 13(1)(ए) (1बी) हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के लिए वाद सस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 05.06.2025 को दिन में 07:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आपको निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन उन सब दस्तावेजो को पेश करें, जिन पर अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होने तो वाद की सुनवाई ओर उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यह आज तारीख 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर न्यायालय
न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय सं. 01, अलवर, राजस्थान

NAME CHANGE
I Yakkaluri Amkalaiah Father's of Army No.18000979M, HAV, Yakkaluri Venkateswarlu Residing 3-126Vill. Thurimella Teh. Cumbum Dist. Prakasam, A.P. 523372 have change my Name from Ankalaiah to Yakkaluri Amkalaiah Affidavit No.CA 920379 Dt 02/05/2025 before court campus Nasirabad

आम सूचना
मेरे नाना छीतर बैरवा पुत्र भुरा बैरवा जाति बैरवा निवासी जोरावरपुरा की मृत्यु दिनांक 10.09.2002 को निवास स्थान जोरावरपुरा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत गोठियाना में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे नाना छीतर बैरवा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। प्रार्थी- मंगलाराम बैरवा पुत्र मांगू लाल बैरवा, निवासी केरिया कलां बेरगढ पोस्ट फतेहगढ जिला अजमेर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/129374
DATE :- 02.05.2025 रजि. बेचान-नामा
कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /1161 दिनांक 02-05-25
सार्वजनिक सूचना
श्री कमलेश कुमार लालवानी पुत्र श्री धनश्यामदास लालवानी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1 छावनी गली नं. 01 मकान नं. 20 क्षेत्रफल 125.44 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री बहादूरमल पुत्र श्री धर्मीलाल के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 15.02.2024, 27.04.2023, 22.02.1985. 08.10.1976 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त
नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/129374
DATE :- 19.04.2025 रजि. बेचान-नामा
कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /1162 दिनांक 02-05-25
सार्वजनिक सूचना
श्री पापू लाल चौहान पुत्र श्री नागजी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं 1 लोहार कॉलोनी मसूदा रोड मकान नं. 43 न्यू नं. 39 क्षेत्रफल के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 24.02 2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।
अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त
नगर परिषद ब्यावर

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
सरेरी शाखा, भीलवाड़ा, राजस्थान
मोबाईल नं.: 8094007080
ई-मेल: sareri@bankofbaroda.
प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV (नियम 8(1) देखे)
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ प **श्री घनश्याम बैरवा पुत्र श्री गणेश लाल बैरवा एवं सह-ऋणी श्री गणेश लाल बैरवा पुत्र श्री घीसा राम बैरवा प दिनांक 30.01.2025** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 30.01.2025 को** रू. 4,22,487.54 (रूपये चार लाख बाईस हजार चार सौ सतासी एवं पैसे चौवन मात्र) (दिनांक 25.01.202 शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना ज ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 29, माह अप्रेल, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लि ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 30.01.2025 को बकाया राशि रू. 4,22,487.54 लाख बाईस हजार चार सौ सतासी एवं पैसे चौवन मात्र) (दिनांक 25.01.2025 तक ब्याज शामिल करते हु आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, सरेरी शाखा, भीलवाड़** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
अचल सम्पत्ति का वर्णन
सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री घनश्याम बैरवा पुत्र श्री गणेश लाल बैरवा के नाम साम्यिक बंध सम्पत्ति पट्टा नं. 24, जो गाँव सनोदिया, ग्राम पंचायत कंवलियास, तहसील हुरडा, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान 311 है, जिसका क्षेत्रफल 1900 वर्ग फीट है।

आम सूचना
मेरे पिता श्री प्रेमसुख जाखेटिया पुत्र श्री फूलचन्द जाखेटिया जाति माहेश्वरी निवासी कडेल वालो की हवेली, ओसवाली मोहल्ला मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 22 अप्रैल 1996 को मेरे उक्त निवास स्थान पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थी-भगवान दास जाखेटिया पुत्र प्रेमसुख जाखेटिया

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/129281
DATE :- 01.05.2025 सजरा प्रमाण पत्र
कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /1160 दिनांक 02-05-25
सार्वजनिक सूचना
श्री अहूजा वीना बेन पत्नी श्री दिपक कुमार निवासी अहमदाबाद ने क्षेत्र नं. 2 सूरजपोल मालियान गली नं. 02 मकान नं. 22 क्षेत्रफल 44.50 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री गुलाब पुत्र श्री हरदेव माली के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 08.02.2013, सजरा प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।
आयुक्त
नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/126820
DATE :- 07.04.2025 रजि. बेचान-नामा
कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /1158 दिनांक 02-05-25
सार्वजनिक सूचना
श्री गोपाल सिंह चौहान पुत्र श्री नारायण सिंह चौहान ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1 नवरंग नगर मकान नं. 58 क्षेत्रफल 242.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में नारायण सिंह पुत्र श्री बालूराम उर्फ बालू सिंह चौहान के नाम दर्ज है। रजि हक परित्याग दिनांक 03.03.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।
अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त
नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/128335
DATE :- 23.04.2025 रजि. बेचान-नामा
कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /1157 दिनांक 02-05-25
सार्वजनिक सूचना
श्री अशोक नारायण मेहरोत्रा पुत्र श्री गणेश नारायण जी मेहरोत्रा ब्यावर ने क्षेत्र नं. 4 राठी हवेली मार्ग म्यु नं 4/727 क्षेत्रफल 37.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती विमला देवी मेहलोत्रा पत्नी श्री सत्यनारायण मेहरोत्रा के नाम दर्ज है। रजि वसीयत-नामा दिनांक 24.12.2002 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।
अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।
आयुक्त
नगर परिषद ब्यावर

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
बोर्ड कार्यालय में जॉब वर्क पर अस्थाई अकुशल श्रम तुल्य कार्य हेतु